प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की दोहराई प्रतिबद्धता, कहा–पिछले 11 वर्षों में कृषि क्षेत्र में हुए हैं कई बड़े बदलाव, किसान हो रहे हैं समृद्ध।
2. चतरा जिले में सीसीएल की कोल परियोजनाओं में नौकरी और मुआवजा घोटाले मामले की जांच सीआईडी करेगी, पुलिस महानिदेशक ने जारी किया आदेश।
3. अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लागू करने में उम्मीद केंद्रीय पोर्टल के शुभारंभ की सराहना की, कहा–वक्फ संपत्ति प्रबंधन में दक्षता और पारदर्शिता आएगी।
4. राज्यभर में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा ईद, उल.अजहा का त्योहार, जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक विधि व्यवस्था की लगातार कर रहे हैं मॉनिटरिंग।
5. झारखंड में अब 15 जून के बाद मॉनसून के संताल परगना के रास्ते दस्तक देने की संभावनाए, राज्य के कई हिस्सों में अगले 4 दिनों तक मेघगर्जन के साथ हो सकती है बारिश।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह साल पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। श्री मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की संमृद्धि के लिए किए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जिनसे कृषि क्षेत्र में बड़ा परिर्वतन सुनिशचित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयास आने वाले समय में और भी मजबूती से जारी रहेंगे।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 10 जून से दो दिवसीय देवघर दौरा टल गया है। राष्ट्रपति भवन ने कल देर शाम देवघर जिला प्रशासन और एम्स प्रबंधन को राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना भेज दी है। ऐसे में 11 जून को एम्स में आयोजित होने वाले पहले दीक्षांत समारोह को भी स्थगित कर दिया गया है। एम्स के निदेशक डॉक्टर सौरभ वार्ष्णय ने बताया कि राष्ट्रपति के देवघर आगमन से संबंधित नई तिथि तय होने के बाद ही एम्स का दीक्षांत समारोह आयोजित होगा।

*******************

चतरा जिले के टंडवा में स्थित सीसीएल की कोल परियोजनाओं में नौकरी और मुआवजा देने के नाम पर हुए घोटाले की जांच सीआईडी करेगी। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने लोगों ने मिली शिकायतों के आधार पर पूरे मामले की सीआईडी जांच का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी कर्मचारियों और सीसीएल की अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी रैयतों, विस्थापितों और जमीन माफियाओं को नौकरी और मुआवजा देने की बात इन शिकायतों में दर्ज है। गौरतलब है कि इस मामले में बाइस नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

*******************

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लागू करने में महत्वपूर्ण कदम के रूप में उम्मीद केंद्रीय पोर्टल के शुभारंभ की सराहना की है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में श्री रिजिजू ने कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन में दक्षता और पारदर्शिता लाएगा, जिससे समुदाय की वंचित महिलाओं और बच्चों को लाभ होगा।

*******************

नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां महीनेभर से कोई डीजीपी नहीं है। ऐसे में कानून और व्यवस्था की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

*******************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने प्रत्येक विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड रुपए की सड़क निर्माण परियोजना और 10 करोड़ रुपए की पुल निर्माण योजना की अनुशंसा लेकर उसका डीपीआर तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य संपोषित सड़कों और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के लिए भी विधायकों से अनुशंसा ली जाएगी।

*******************

रांची जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पढ़ो और बढ़ो कार्यक्रम शुरू होगा। तीन चरणों में चलने वाले इस कार्यक्रम का मकसद छात्र.छात्राओं में हिंदी और अंग्रेजी पठन कौशल को विकसित करना है।

*******************

रांची जिला प्रशासन बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाएगा।

*******************

हजारीबाग में भाजपा नेता अर्जुन साव को सदर थाना द्वारा हिरासत में रखने को लेकर सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा धरना–प्रदर्शन किया जा रहा है. सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि पुलिस ने बिना किसी नोटिस और प्राथमिकी के उन्हें डिटेंशन में रखा है, जो कानूनन अनुचित है।

*******************

रामगढ़ जिले के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने अधिकारियों को सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि गैर मजरूआ जमीन, नदी और को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

*******************

राज्यभर में आज ईद उल–अजहा का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। इस पर्व को लेकर जमशेदपुर, गिरिडीह, हजारीबाग और चतरा समेत पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बलों की तैनाती के साथ पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं। वहीं असमाजिक तत्वों और सोशल मीडियी की भी कड़ी निगरानी की जा रही है। पाकुड़ में भी चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच बकरीद मनाया जा रहा है। जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्ववेदी ने कहा कि तमाम जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहे हैं।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव अट्ठासी हजार नौ सौ आठ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख सात हजार तीन सौ सतहत्तर रुपये प्रति किलो है।

*******************

झारखंड में मॉनसून के प्रवेश को लेकर थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि अब पन्द्रह से सत्रह जून के बीच संताल परगना के रास्ते मॉनसून के दस्तक् देने की संभावना है। वहीं आज से अगले चार दिनों तक राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।